AMVIC Alberta Motor Vehicle Industry Council

उपभोक्ता गाइड

# नए वाहन की खरीद

AMVIC का सुझाव है कि आप AMVIC से लाइसेंस-प्राप्त व्यवसायों द्वारा बेचे जाने वाले उत्पाद और सेवाएँ चुनें। लाइसेंस-प्राप्त व्यवसाय एल्बर्टा के *उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (कंज़्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट)* में वर्णित निम्नलिखित उपभोक्ता संरक्षण नियमों के प्रति वचनबद्ध होते हैं।

## जाने से पहले:

- AMVIC के अग्रलिखित पोर्टल पर जाकर **जाँच लें कि व्यवसाय लाइसेंस-प्राप्त हो** https://amvic.ca.thentiacloud.net/webs/amvic/register/#
- आपने जो विज्ञापन देखा उसका फोटो ले लें या कॉपी बना लें, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि विक्रेता विज्ञापित कीमत का पालन करे,
  - जिसमें हर तरह की फीस और शुल्क शामिल होने चाहिए, जो विक्रेता उपभोक्ता से लेने का इरादा रखता है।
  - जिसमें विज्ञापित कीमत के साथ केवल GST और फ़ाइनेंसिंग से जुड़े खर्चे ही जोड़ जा सकते हों। इसे **'ऑल-इन-प्राइसिंग'** (कीमत में सब कुछ शामिल) कहते हैं और यह एल्बर्टा में कानून है।
- अपना बजट तय करें। वाहन की कुल कीमत पर ध्यान दें, न कि इस बात पर कि आप कितना मासिक भुगतान वहन कर सकते हैं।
- वाहन खरीदते समय **जल्दबाज़ी कभी न करें**। जितना चाहें उतना समय लें और इस कार्य में किसी भरोसेमंद दोस्त या रिश्तेदार को शामिल करें।

## वहाँ होने पर:

### डिपॉज़िट

- किसी वाहन की टेस्ट ड्राइव लेने या उसकी कीमत पर मोलभाव करने के लिए आपको डिपॉज़िट जमा करने की आवश्यकता कभी नहीं पड़नी चाहिए। अगर कोई बिक्री एग्रीमेंट नहीं है, तो डिपॉज़िट की कोई ज़रूरत नहीं होनी चाहिए।
- अपनी ओर से यह न मान लें कि डिपॉज़िट वापस मिल जाएगा। ध्यान से पढ़कर और सवाल पूछकर यह साफ़-साफ़ पता कर लें कि डिपॉज़िट वापस मिलेगा या नहीं और मिलेगा तो किन नियमों व शर्तों के अधीन होगा।
- डिपॉज़िट की रसीद लें।
- AMVIC ने उपभोक्ताओं के उपयोग के लिए एक डिपॉज़िट एग्रीमेंट फ़ॉर्म सुझाया है, जो amvic.org. पर उपलब्ध है। AMVIC के पास अनिवार्य डिपॉज़िट एग्रीमेंट बनाने का प्राधिकार है और अगर भविष्य में वह ऐसा करता है, तो ऑटोमोटिव बिक्री में संलग्न सभी व्यवसाय संचालकों को उस एग्रीमेंट का उपयोग अनिवार्य रूप से करना होगा।

### बिक्री बिल

- दस्तावेज़ में लिखा एक-एक शब्द पढ़ें। अगर उस पर हस्ताक्षर ज़रूरी हैं, तो इसका मतलब है कि वह महत्वपूर्ण है!
- सारे वादों को दर्ज करने और, जो भी नियम और शर्तें आपको साफ़ समझ नहीं आई हैं उनका लिखित स्पष्टीकरण लेने के लिए बिक्री बिल के **पीछे दी गई जाँचसूची** का उपयोग करें।
- हस्ताक्षर करने से पहले बिक्री बिल ध्यान से पढ़कर सुनिश्चित कर लें कि सारी जानकारी सही और पूरी हो। फ़ाइनेंस एग्रीमेंट के विवरण की अच्छे से जाँच कर लें और सुनिश्चित करें कि उसमें सूचित आय (इनकम) और डाउन पेमेंट की सारी राशियाँ सही हों।
- खरीद अनुबंध (परचेज़ कॉन्ट्रैक्ट) पर हस्ताक्षर करने के बाद खरीदारी रोक दें। वाहन खरीदने के मामले में कोई भी "कूलिंग ऑफ़" अवधि नहीं होती है। अगर आपको कोई बेहतर डील मिल जाए या आपका विचार बदल जाए, तो भी डीलर अनुबंध लागू कर सकता है।

## खरीद के बाद:

- जिन उपभोक्ताओं को लगता है कि किसी लाइसेंस-प्राप्त विक्रेता ने उनसे उचित व्यवहार नहीं किया है, वे AMVIC के पास शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
- विफल और बंद हो चुके AMVIC-से-लाइसेंस-प्राप्त व्यवसाय के ग्राहकों के लिए संभव है कि कंपनसेशन फ़ंड (क्षतिपूर्ति निधि) उपलब्ध हो। हालाँकि, अगर उपभोक्ता ने किसी निजी विक्रेता या करबर (लाइसेंस-विहीन विक्रेता) से खरीदारी की है, तो वह कंपनसेशन फ़ंड का पात्र नहीं होगा।

**करबर से सावधान: ये बिक्री लाइसेंस के बिना बिक्री करने वाले ऐसे विक्रेता होते हैं, जो आम तौर पर चोरी के, क्षतिग्रस्त या ओडोमीटर से छेड़छाड़ वाले वाहन बेचते हैं।**

amvic.org

अगस्त 2023

# बिक्री बिल जाँचसूची*

ALBERTA MOTOR VEHICLE INDUSTRY COUNCIL

मोटरवाहन व्यवसाय विनियम (ऑटोमोटिव बिज़िनेस रेगुलेशन, ABR) के अनुभागों 31.2(1) और (2) के अनुसार, वाहन बिक्री बिल में निम्नलिखित जानकारी स्पष्ट और पठनीय ढंग से शामिल की जानी चाहिए:

| ✔ | (जाँच करके सुनिश्चित करें कि बिक्री बिल में यहाँ बताई गई हर जानकारी शामिल की गई हो) |
|---|---|
| | उपभोक्ता का नाम और पता। |
| | उपभोक्ता को सरकार की ओर से जारी पहचान (जैसे ड्राइवर्स लाइसेंस) पर लिखी संख्या। |
| | व्यवसाय का नाम, पता और AMVIC लाइसेंस संख्या। |
| | बिक्री कर्मी का नाम और AMVIC पंजीकरण संख्या। |
| | वाहन का मेक, मॉडल, वर्ष, रंग, बॉडी का प्रकार और VIN। |
| | बिक्री बिल का दिनांक। |
| | उपभोक्ता को वाहन की डिलीवरी का दिनांक। |
| | हर तरह की फीस और शुल्क जिनमें शामिल हैं: डिलीवरी/मालभाड़ा/परिवहन के सभी शुल्क, सभी निरीक्षण शुल्क, सभी लाइसेंसिंग शुल्क, वारंटियों के शुल्क और GST सहित सारे टैक्स व लेवियाँ; और हर फीस व शुल्क के भुगतान का समय। |
| | सारे अतिरिक्त उपकरणों या विकल्पों की सूची और प्रत्येक की लागत। |
| | अतिरिक्त उपकरणों व विकल्पों से जुड़ी हर तरह की फीस, शुल्क और लागतों सहित वाहन की कुल लागत। |
| | अगर डाउन पेमेंट या डिपॉज़िट राशि का भुगतान किया गया है: डिपॉज़िट या डाउन पेमेंट की राशि और भुगतान योग्य बकाया शेष। |
| | **ट्रेड-इन (एक्सचेंज):** ट्रेड-इन (एक्सचेंज) में उपभोक्ता द्वारा दिए गए वाहन की पहचान जानकारी और उपभोक्ता को बेचे जा रहे वाहन की खरीद की लागत में समायोजित किए गए ट्रेड-इन भत्ते का मूल्य। |
| | **बकाया लोन के साथ ट्रेड-इन:** खरीद की लागत में शामिल किया गया शेष लोन बकाया। |
| | **क्रेडिट एग्रीमेंट:** क्रेडिट एग्रीमेंट से संबंधित प्रकटन वक्तव्य (डिस्क्लोज़र स्टेटमेंट) बिक्री बिल पर या उसके साथ संलग्न करके प्रदान किया जाना चाहिए। |
| | उपभोक्ता से बिना किसी अतिरिक्त शुल्क, किए गए कोई भी और सभी वादे, पेशकश या प्रलोभन, अलग-अलग लिखे होने चाहिए। |
| | अगर वाहन उपलब्ध है तो उसकी मौजूदा ओडोमीटर रीडिंग और उपभोक्ता को वाहन की डिलीवरी के समय अधिकतम ओडोमीटर रीडिंग। |
| | वाहन के पिछले उपयोग, इतिहास या स्थिति से संबंधित जो भी रिपोर्ट, दस्तावेज़ और प्रकटन वक्तव्य हों उनकी प्रतियाँ संलग्न करें; इनमें किसी अन्य प्रांत या देश के कानूनों के तहत आवश्यक रिपोर्ट, दस्तावेज़ और प्रकटन वक्तव्य शामिल हैं। |
| | यह लिखित घोषणा कि ABR अनुभाग 31.1 से वाहन के इतिहास की सारी जानकारी उपभोक्ता को दी गई थी। |
| | वे सारे प्रतिबंध, सीमाबंधन और शर्तें जिन्हें परचेज़ एग्रीमेंट में लागू करने का अधिकार व्यवसाय के पास है, सुपष्ट और समझ आने योग्य ढंग से लिखे गए हों। |

* यह गाइड कानूनी सलाह का विकल्प नहीं है और इसे योग्य स्वतंत्र कानूनी सलाहकार की सलाह के विकल्प के रूप में नहीं बनाया गया है। यह गाइड लागू कानूनों की पूरी सूची नहीं है।

amvic.org

अगस्त 2023